इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए ई–कैटरिंग सेवा का पुनःआरंभ

नई दिल्ली 22 जनवरी, 2021 भारतीय रेलवे ने माननीय रेल मंत्री एवं वाणिज्य उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और वितरण विभाग के नेतृत्व में पीयूष गोयल ने हाल ही में माननीय प्रधान मंत्री के **"आत्मानिभर भारत"** और **"डिजिटल इंडिया"** के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं। इंटरनेट टिकटिंग वेबसाइट www.irctc.co.in के नए यूजर इंटरफेस की शुरूआत और आईआरसीटीसी के टिकटों की बुकिंग के दौरान आईआरसीटीसी के स्वयं के भुगतान गेटवे में नए वास्तविक समय की सुविधा के अलावा उपयोगकर्ता टिकट में सुधार की दिशा में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बुकिंग का अनुभव रेलवे की नई पहलों में से हैं।

नवीनतम सुविधाओं के साथ, आईआरसीटीसी – भारतीय रेलवे की दो मुख्य शाखाओं खानपान और पर्यटन का संचालन ई–कैटरिंग को पुनः शुरू करने जा रहा है। वर्तमान में विशेष गाड़ियों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए ई–कैटरिंग सेवाएं संचाालित की जा रही है। आईआरसीटीसी ने वर्ष 2014 में इस अनूठी सेवा की शुरुआत की थी, जिसके अन्तर्गत यात्री गाड़ी में यात्रा करते समय फोन पर या ऑनलाइन माध्यम से लोकप्रिय क्षेत्रीय और स्थानीय व्यंजनों के साथ–साथ अपनी प्रतिष्ठित ब्रांडों के पसंद का भोजन ऑर्डर कर सकते थे जिसे रेलवे स्टेशन पर गाड़ी में अपनी सीट तक पहुंचा जाता था। कोविड से पूर्व की अवधि के दौरान, आईआरसीटीसी ने प्रति दिन 20,000 ई–कैटरिंग ऑर्डर को लेना शुरू कर दिया था।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित कोविड–19 महामारी की शुरुआत और परिणामस्वरूप अभूतपूर्व लॉकडाउन के कारण, ई–कैटरिंग सेवाओं को 22 मार्च, 2020 से रोक दिया गया दिया गया था। हालांकि, यात्री गाड़ी में सेवाओं को क्रमशः पुनः शुरू करने और फिर से सामान्य होने के बीच जहां आईआरसीटीसी केवल यात्रियों को गाड़ियों में भोजन प्रदान कर रहा है वहीं गाड़ियों में यात्रियों के लिए 'रेडी टू ईट' भोजन, ई–कैटरिंग सेवाओं को फिर से शुरू करने की मांग बढ़ी है।

रेल मंत्रालय से अनुमति मिलने के बाद, आईआरसीटीसी शीघ्र ही चरणबद्ध तरीके से गाड़ियों में ई–कैटरिंग सेवाओं को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। कंपनी फरवरी, 2021 से ई–कैटरिंग सेवाओं का पहला चरण शुरू कर रही है, जिसमें रेलवे के लगभग तीस से अधिक स्टेशनों की सेवा 250 गाड़ियों में शुरू हो जाएगी। आईआरसीटीसी यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि उसके सभी ई–कैटरिंग भागीदार यात्रियों को भोजन परोसते समय उचित स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रोटोकॉल पालन करें।

यात्री www.ecatering.irctc.com के माध्यम से ई–कैटरिंग की सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। टेलिफोन नंबर 1323 के माध्यम से भी ई–कैटरिंग के ऑर्डर शीघ्र ही पूरे किए जाते हैं। यात्री आईआरसीटीसी ई–कैटरिंग एप **"फूड ऑन ट्रैक"** को विभिन्न एप स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते हैं और ई–कैटरिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए कैश–ऑन डिलीवरी का विकल्प भी प्रदान किया गया है।

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय : 11वाँ तल, बी 148, स्टेटस्मन हाउस, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली . 110001 फोन . 23311263, 44168 (रेलवे) फॅक्स 23311259

Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259